StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 26

No. of Printed Pages — 3

# S—97-2—Science II (D & D)

## माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2011

## विज्ञान – द्वितीय पत्र

## (SCIENCE – Second Paper)

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 40**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।
5. प्रश्न क्रमांक **2** से **10** तक अति लघूत्तरात्मक हैं ।
6. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग ( **i, ii, iii** तथा **iv**) हैं। प्रत्येक भाग के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

| प्रश्न क्रमांक | सही उत्तर का क्रमाक्षर |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

StudentBounty.com



1. (i) भारत में विकसित हुए प्रथम परखनली शिशु का नाम है

(अ) जाय ब्राउन (ब) हर्षा

(स) डॉली (द) सोनिया । 1

(ii) मादा पशु में वीर्य सेचन किया जाता है

(अ) हस्त विधि द्वारा (ब) रेक्टोवेजीनल विधि द्वारा

(स) वीर्य संरक्षण द्वारा (द) (अ) व (ब) दोनों । 1

(iii) सड़क दुर्घटना में घायल रुधिर वर्ग 'ओ' वाले व्यक्ति को निम्न में से किस रुधिर वर्ग का रक्ताधान कर सकते हैं ?

(अ) 'ए' एवं 'ओ' का (ब) 'बी' एवं 'ओ' का

(स) 'ए बी' एवं 'ओ' का (द) केवल 'ओ' का । 1

(iv) लहसुन में तेज गंध किस पदार्थ के कारण होती है ?

(अ) एलिएम (ब) जिंजीवेरीन

(स) एलिसिन (द) इनमें से कोई नहीं । 1

2. स्थानापन्न माँ किसे कहते हैं ? 1

3. मिश्रित फसल किसे कहते है ? 1

4. रक्त कोशिकाओं का निर्माण कहाँ होता है ? 1

5. प्राणी ऊतक संवर्धन से कौन-कौन से उपयोगी उत्पाद प्राप्त किये जाते हैं ? बताइये । $1\frac{1}{2}$

6. मुर्गियों में होने वाले रानीखेत रोग के लक्षण लिखिये । $1\frac{1}{2}$

7. सागवान की विशेषताएँ बताइये एवं इसका उपयोग लिखिये । $1\frac{1}{2}$

8. रक्त समूहन किसे कहते हैं ? यह किस क्रिया का परिणाम है ? समझाइये । $1\frac{1}{2}$

9. किस प्रकार के जीवाणु रोग उत्पन्न करते हैं ? दो रोग उत्पादक जीवाणुओं के नाम लिखिये ।

$\frac{1}{2} + 1 = 1\frac{1}{2}$

StudentBounty.com



10. किन्हीं दो देशी तथा विदेशी गायों के नाम लिखिये । $1\frac{1}{2}$

11. जीवाणुओं से इन्सुलिन किस प्रकार प्राप्त की जाती है ? बताइये । $1\frac{1}{2}$

12. मिट्टी में पाये जानेवाले सूक्ष्म पोषक तत्वों के नाम बताइये । $1\frac{1}{2}$

13. रेशम प्राप्त करने की विधि लिखिये । $1\frac{1}{2}$

14. कृषि में राइजोबियम जीवाणु का महत्व लिखिये । $1\frac{1}{2}$

15. लिंग सहलग्न रोग किसे कहते हैं ? एक सामान्य पुरुष का विवाह हीमोफीलिया रोगवाहक स्त्री के साथ होने पर संतति में हीमोफीलिया की वंशागति रेखीय आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए । 1 + 2 = 3

16. मादक पदार्थ किसे कहते हैं ? शराब मानव शरीर के लिये हानिकारक क्यों है ? बताइये । 1 + 2 = 3

17. आर एच कारक से आप क्या समझते हैं ? सफल रक्ताधान में इसकी भूमिका को समझाइये । 1 + 2 = 3

18. ट्रांसजैनिक पादपों के कोई चार लाभ बताइये । 3

19. कृत्रिम गर्भाधान किसे कहते हैं ? इसके कोई दो महत्व लिखिये । 3

20. निम्नलिखित पर संक्षिप्त लेख लिखिये : 3

(अ) अनाज (ब) दालें

(स) सब्जियाँ (द) फल ।